# 1 रात, 2 घर, 20 लाख की चोरी

**खास बातें**

- डॉग स्काड, एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच
- पिछले कुछ दिनों से दो पहिया और चार पहिया वाहन हो रहे चोरी



नवभारत न्यूज

**विदिशा 23 सितम्बर, शहर के सिविल लाइन इलाके में एक ही रात में दो सूने आवासों को निशाना बनाकर लाखों रुपए चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है. दोनों ही घरों से करीब 20 लाख रुपए व नगदी की चोरी हुई.**

चोरी की वारदात की जानकारी मंगलवार की सुबह लगी. जिसके बाद पुलिस और डॉग स्वाक्ड की टीम मौके पहुंची. चोरी की पहली वारदात सांई कॉलोनी में हुई. जहां प्रमोद खटीक का परिवार नंदवाना में देवी प्रतिमा स्थापना में व्यस्त था. घर खाली होने का फायदा उठाकर चोरों ने ताले तोड़े. चोरों ने करीब 15 तोला सोने के जेवर और 5.5 लाख रुपए नकद चुरा लिए. सुबह जब मालिक का बेटा घर आया तो सारा सामान बिखरा मिला जिसकी जानकारी परिवार को दी गई.वहीं चोरी की दूसरी वारदात शिव बिहार कॉलोनी में हुई जहां से चोरों ने एक मकान से डायमंड रिंग और करीब 25 हजार रुपए नकद चुरा लिए. वारदात की जांच फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड की टीम भी कर रही है. पुलिस ने घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले हैं. जिनमें पुलिस को रात में करीब 3 से 4 बजे के आसपास चोरी वाले इलाकों में 4 संदिग्ध घूमते नजर आए हैं.

### कई कॉलोनियों में नहीं हैं सुरक्षा के इंतजाम

शहर के कई कालोनियां ऐसी है जहां पर न तो बाउंड्री बॉल है और न ही इन कालोनियों में सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी रहते. जिसके चलते वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पहले इन इलाकों की रैकी करते हैं उसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दे देते हैं. कई बार सीसीटीवी कैमरों में चोरी करने की तस्वीर कैद हो जाती है जिसके चलते चोरी का खुलासा हो जाता है. जबकि कई बार चोरी की वारदात वाली जगह पर सीसीटीवी कैमरे नहीं होते हैं जिसके चलते चोरों का सुराग नहीं लग पाता. वहीं लोगों ने बताया कि पुलिस रात में गश्त करती है लेकिन कई कालोनियां बहुत अंदर होती हैं जहांप पर पुलिस गश्त के लिए नहीं पहुंचती है.

## आजम खां की रिहाई कमजोर तबके की जीत- रायकवार

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** उत्तरप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री 10 बार के विधायक, 2 बार लोक सभा और 1 बार राज्य सभा सांसद रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक मो. आजम खां को न्यायालय से बेल पर रिहा हो गए है. उनकी रिहाई पर समाजवादी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश रायकवार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह कमजोर, न्याय पसंद, सच का बोलबाला देखने वालों की जीत है. देश के चंद उंगलियों पर गिने जाने वाले ईमानदार नेताओं में आजम खां है वह उन्हें कई वर्षों से जानते है. उन्होंने रामपुर के गरीब कमजोर बच्चों की शिक्षा के लिए महज 20 रुपए महीने की फीस लेकर सीबीएससी बोर्ड के स्कूल शुरू किए.

## भोपाल में अंतर विद्यालयीन संस्कृत श्लोक वाचन में ओलंपस हाई के बच्चों का परचम

**ओलम्पस हाई की भूमि प्रथम और आशय रहे दूसरे स्थान पर**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** द ओरिएंटल स्कूल भोपाल में सहोदय अंतर विद्यालयीन संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विदिशा के ओलम्पस हाई स्कूल द्वारा भी भाग लिया गया. भोपाल एवं पास के शहरों के अनेकों विद्यालयों की इस प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई के विद्यार्थियों ने अपना वर्चस्व दिखाया और उत्कृष्ट परिणाम दिए.स्कूल की छात्रा भूमि रघुवंशी ने सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया. वही जूनियर वर्ग में छात्र आशय कटारे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया. स्कूल प्रबंधक मोहित रघुवंशी व अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने भूमि व आशय की इस सफलता पर बहुत बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनायें प्रेषित कीं.

## लटेरी के 18 परिवारों को नहीं मिला योजना का लाभ, शिकायत

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मंगलवार को वार्ड कमांक 14 गोपीतलाई लटेरी के निवास 18 परिवारों के नाम माता-पिता के साथ एमआईएस पोर्टल पर अटैच है. जो कि कुछ लोगों प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल गया परन्तु कुछ लोगों पिता के साथ एमआईएस पोर्टल पर अटैच होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने पोर्टल से उनके नाम अलग करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि वार्ड के अन्य लोगों को को भी लाभ मिल गया और पुत्र को भी मिल गया, जो कि दान पत्र रजिस्ट्री और कच्चा मकान उनके पास है.

# शिवराज की कर्मभूमि पर बिजली कंपनी के अफसरों की मनमानी

**टेंडर प्रक्रिया दोबारा कराए जाने की मांग**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र विदिशा में बिजली कंपनी के अफसरों की मनमानी बरकरार है. बिजली गुल होने से लेकर टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी के गंभीर आरोपी बिजली कंपनी के अफसरों पर लगाए जा रहे हैं. मंगलवार को भी एक ऐसी ही मामला सामने आया है. जहां एक टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए टेंडर प्रक्रिया दोबारा किए जाने की मांग की गई है.**

म.प्र.क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (मप्रमक्षेविविकं) में चार पहिया वाहन के टेंडर खोलने की प्रक्रिया को लेकर टेंडरदाताओं ने विभाग पर मनमानी का आरोप लगाया है. टेंडर डालने वाले राजा सिंह भदौरिया ने कंपनी के कार्यालय को भेजी गई लिखित शिकायत में कहा कि टेंडर प्रक्रिया के नियमों के अनुसार सभी आवेदकों के सामने टेंडर खोला जाना चाहिए था, किंतु कर्मचारियों ने इस प्रक्रिया का पालन न करते हुए बंद कमरे में टेंडर खोले. राजा ने बताया कि टेंडर 3.30 बजे खोले जाने थे जबकि टेंडर को 4.30 बजे बंद कमरे में खोला गया टेंडर में कम राशि का टेंडर कमियां बताते हुए निरस्त कर दिया तथा विद्युत विभाग में ही आउटसोर्स पर काम कर रहे सुपरवाइजर की गाड़ी के सेकंड टेंडर को खोल दिया गया जबकि वाहन टेंडर कर्ता मौजूद ही नहीं थे. राजा भदौरिया ने इस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए टेंडर निरस्त करने और दोबारा पारदर्शी तरीके से टेंडर प्रक्रिया संपन्न कराने की मांग की है. इस संबंध में जब विद्युत मंडल के एसई मोर्या से बात करनी चाही तो उनका फोन पूर्व की तरह ही नॉट रिप्लाई आता रहा अरविंद वर्मा जी शायद किसी का फोन उठाना उचित नहीं समझते हैं.

## प्रद्युम्न जैन दो व्यक्तियों को दे गये नेत्र ज्योति



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मैरी मेडीकल के युवा संचालक प्रद्धम्न जैन का लम्बी बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया. हमेशा हंसमुख, मिलनसार प्रद्धुमन अपनी मृत्यु के बाद दो व्यक्तियों को अपनी नेत्र रोशनी दे गये है. मृत्यु के तुरंत पश्चात आपकी पत्नी मंजू जैन ने समाजसेवी नीता चिपिन सर्राफ से सम्पर्क कर स्व. पति के नेत्रदान की इच्छा प्रकट की, तुरंत समाजसेवी चिपिन सर्राफ ने मेडिकल कालेज से सम्पर्क किया मेडिकल कालेज की नेत्र चिकित्सा डा. निखिला एंव उनकी टीम ने आंखें निकालकर तुरंत प्रत्यारोपण के लिए भोपाल अस्पताल को भेजा. जहां दो नेत्रहीन व्यक्तियों को प्रत्यारोपण किया गया.समाजसेवी चिपिन सर्राफ ने दुख की इस घड़ी में मंजू जैन के साहस की सराहना करते हुए समाज के लिए प्रेरणादायी बताया.

## मिट्टी के बर्तन, स्वदेशी उत्पादों ने मनमोहा

नवभारत न्यूज

सिरोंज, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नपा ने लोकल फॉर वोकल अभियान के तहत नपा प्रांगण में स्वसहायता समूहों द्वारा बनाये जाने वाली सामग्रियों, मिट्टी के बर्तनों की दुकानें लगवाई.

इस दौरान लोगों ने मिट्टी के विभिन्न प्रकार के बर्तनों एवं उपयोगी सामग्रियों की खरीदी भी की. वहीं स्वसहायता समूहों की बहनों द्वारा बनाये करीब एक हजार थैलों को नपा प्रबंधन ने खरीदा.

शहर के आमजन से स्वदेशी उत्पाद का उपयोग करने का आग्रह किया. इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने नपा प्रांगण में स्वसहायता समूह के स्टाल से खरीदे गए थैलों का नागरिकों के बीच निःशुल्क वितरण करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अमानक पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया. उन्होंने लोगों से अपील की कि जब बाजार में सामान लेने जावे, तो घर से ही थैला साथ लेकर जाने की आदत अपनी दैनिक जीवनचर्या में शामिल करें.


निःशुल्क सेवा

- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

बजने लगा है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो RADIO

प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से








